हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 25 अक्तूबर 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO, 06 ,TOP

डीपीएस व रोटरी स्कूल क्वार्टर फाइनल में

बरेली। श्रीराममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को एसआरएमएस मैदान पर शुभारंभ हो गया। पहले मैच में डीपीएस ने 20 ओवरों में 117 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज दिव्यांश अरोरा ने 49 गेंदों पर नाबाद 50 रनों की पारी खेली। जीआरएम की टीम 92 रन बनाकर आउट हो गई। डीपीएस ने जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दिव्यांश अरोरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में रोटरी स्कूल की टीम 77 रनों पर आउट हो गई। छोटे लक्ष्य के बाद भी अल्मा मातेर की टीम 53 रनों पर आल आउट हो गई। रोटरी के यशपाल ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक के साथ चार ओवर में 30 रन देकर सात विकेट लिए। उन्हें मैन आफ दि मैच चुना गया। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।